FRESHERS NOW

# LIC ADO IC - 01

# Model Paper

www.freshersnow.com

FRESHERS NOW

# आई सी 01 बीमा के सिद्धांत -(मॉडल प्रश्न)

1. **वाक्य को पूर्ण करने के लिए सही उत्तर का चुनाव करें (सीखने की जांच - प्रत्यक्ष)**

**i. बीमा निम्नलिखित के सिद्धांत पर काम करता है**

क. हानियों की साझेदारी

ख. संभावनाएं

ग. बहु संख्या

घ. **जहॉ चाहे वहॉ से ( Randomness )**

च. उपर्युक्त सभी

**उत्तर :** च.- उपर्युक्त सभी

**ii. बीमा निम्न में सहायता करता है**

क. प्रतिकूल स्थितियों के उपगत होने से बचाना

ख. प्रतिकूल स्थितियों के वित्तीय परिणामों को कम करना

ग. प्रतिकूल स्थितियों के परिणामों की उपेक्षा करना

घ. परिसंपत्तियों को निरंतर उत्पादक बनाए रखना

**उत्तर :** ख. प्रतिकूल स्थितियों के वित्तीय परिणामों को कम करना

2. **कृपया बताएं कि कौन सा विवरण सही है --**

**i. जोखिम शब्द में निम्न शामिल होते हैं**

क. मशीनरी और संपत्ति की क्षति

ख. किसी व्यक्ति के स्वास्थ्य या जीवन पर असर

ग. वायुमंडल में जहरीले उत्पाद का रिसाव

घ. पड़ोस के स्वस्थ जीवन पर प्रभाव

www.freshersnow.com

च. उपर्युक्त सभी

**उत्तर :** च. उपर्युक्त सभी

**ii. जीवन बीमा लेने का मुख्य उद्देश्य होता है -**

क. दीर्घकालीन निवेश का एक तरीका

ख. बचतों से आयकर लाभ प्राप्त करने का माध्यम

ग. गरीबी कम करने का एक सरकारी कार्यक्रम

घ. अल्पावधि निवेश का एक तरीका या मार्ग

च. उपर्युक्त में से कोई नही

**उत्तर :** च. उपर्युक्त में से कोई नही

**3. सही उत्तर का चुनाव करते हुए नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दे --**

**i. निम्न में से किस मध्यस्थ को भारत में अपना व्यवसाय करने के लिए आई आर डी ए के लाइसेंस /अनुमोदन की जरुरत नहीं होती. -**

क. बीमा दलाल या ब्रोकर

ख. बीमा एजेंट / अभिकर्ता

ग. टी पी ए / अन्य पक्ष प्रशासक

घ. सर्वेक्षक

च. उपर्युक्त सभी मध्यस्थों को आई. आर.डी.ए. के लाइसेंस/अनुमोदन की जरुरत होती है.

**उत्तर :** च. उपर्युक्त सभी मध्यस्थों को आई. आर.डी.ए. के लाइसेंस/अनुमोदन की जरुरत होती है.

ii. **एक ऐक्चुअरी से निम्न लिखित कार्य करने की अपेक्षा की जाती है**

क. पॉलिसी से जुड़ी भविष्य की देयताओं के बारे में सही पूर्वसूचना देना

ख. पॉलिसी से जुड़ी भविष्य की देयताओं के बारे में उपयुक्त पूर्वसूचना देना

ग. दीर्घ आधार पर जोखिम हेतु बीमा सुरक्षा / आवरण करने के लिए आवश्यक प्रीमियम के बारे में बताना

घ. साधारण बीमा पॉलिसियों में किसी बीमित आपदा के घटित होने की संभावना का पता लगाना

च. सभी उपर्युक्त विवरण गलत है

**उत्तर :** ख. पॉलिसी से जुड़ी भविष्य की देयताओं के बारे में उपयुक्त पूर्वसूचना देना

4. **उपयुक्त शब्द(दों) का उपयोग करते हुए रिक्त स्थानों को भरें (समझ की जांच - अप्रत्यक्ष)**

i. ________________ का सिद्धांत यह सुनिश्चित करता है कि एक बीमाधारक कई बीमाकर्ताओं से बीमा लेकर लाभान्वित नही होता.

क. प्रस्थापन

ख. अंशदान

ग. सह बीमा

घ. क्षतिपूर्ति

च. विशेष बीमा क्षति / औसत

**उत्तर :** ख. अंशदान

**ii औसत का सिद्धांत जब लागू होता है जब प्रस्ताव में मूल्य ________ होता है.**

क. कम बताया गया होता है

FRESHERS NOW
www.freshersnow.com

ख. ज्यादा बताया गया होता है

ग. जानकारी नही होती

घ. नगण्य होता है

च. केवल भावात्मक होता है

**उत्तर :** क. कम बताया गया होता है

**iii. विश्वस्तता प्रतिभूति पॉलिसियां निम्नलिखित द्वारा की गई धोखाधड़ी के कारण हुई हानियों को सुरक्षा प्रदान करती है.**

क. कर्मचारी

ख. ग्राहक

ग. लेनदार

घ. आपूर्ति कर्ता

च. वित्त पोषक

**उत्तर :** क. कर्मचारी

5. **दिए गए संकेताक्षरों के विस्तारित रुप का चुनाव करें (समझ की जांच - अप्रत्यक्ष)**

**i. सीटीएल का इस्तेमाल बीमा में किस लिए होता है**

क. अंशदायी कुल हानि

ख. प्रलक्षित कुल हानि

ग. निर्माण की पूर्णतः हानि

घ. ठेकेदार की कुल हानि

www.freshersnow.com

च. सहबीमाकर्ता की कुल हानि

**उत्तर :** ख. प्रलक्षित कुल हानि

**ii. बीमा में जी.ए. का उपयोग किसलिए होता है**

क. जनरल एश्योरेन्स / साधारण बीमा

ख. सामान्य बीमा क्षति

ग. सामान्य समायोजन

घ. गारंटीशुदा बीमा

च. गारंटीशुदा औसत

**उत्तर :** ख. सामान्य बीमा क्षति

**6. ऐसे शब्द(दों) का चुनाव करें जो दिए गए पारिभाषिक शब्द से मेल खाते हो (समझ की जांच - अप्रत्यक्ष)**

**i. निम्न में से कौन सा शब्द 'फैमिली फ्लोटर' के सबसे करीब है**

क. स्वास्थ्य बीमा

ख. संपत्ति बीमा

ग. दुर्घटनात्मक क्षति

घ. परिणामी हानि

च. मरीन आंशिक हानि

**उत्तर :** क. स्वास्थ्य बीमा

**ii. निम्न में से कौन सा शब्द 'एसबेस्टोसिस' के सबसे करीब है**

क. उत्पाद

ख. पेंशन

ग. खराब मौसम

घ. श्रमिक क्षतिपूर्ति

च. दीर्घ कालीन पॉलिसी

**उत्तर :** घ. श्रमिक क्षतिपूर्ति

**7. कृपया बताएं कि दिए गए विवरण में से कौन सा विवरण गलत है,**

**i. 'अपवर्जन' के संबंध में गलत विवरण का पता लगाएं**

क. अपवर्जनों को पॉलिसी में बताया जाता है

ख. अपवर्जन, आवरण या सुरक्षा प्रदान नही की जानेवाली आपदाएं या स्थितियां होती है.

ग. अपवर्जन, पॉलिसी में आवरण या संरक्षण को सीमित कर देते है

घ. अपवर्जन जोखिम के संरक्षण से नही जुड़े होते

च. उपर्युक्त सभी विवरण गलत हैं

**उत्तर :** घ. अपवर्जन जोखिम के संरक्षण से नही जुड़े होते

**ii. ब्रोकर / दलालों के सम्बंध में दिए गए विवरण में से कौन सा विवरण गलत है**

क.दलालों को लाइसेंस दिए जाने के पहले प्रशिक्षण की जरुरत होती है

ख. दलालों को बीमाधारक द्वारा उनके हितों का ध्यान रखने के लिए नियुक्त किया जाता है

ग. दलालों को लाइसेंस दिए जाने के पहले एक परीक्षा पास करना पड़ता है

www.freshersnow.com

घ. दलालों को एक पंजीकृत कंपनी या फर्म होना चाहिए

च. दलालों को एक ही बीमा धारक के लिए विभिन्न बीमा कर्ताओं से बातचीत करने की अनुमति होती है.

**उत्तर :** घ. दलालों को एक पंजीकृत कंपनी या फर्म होना चाहिए

**8. i निम्नलिखित में से कौन सा शब्द अन्य चार विकल्पों के समान नही है (ऑड मैन आउट का पता लगाएं) (सीखने के अनुप्रयोग की जांच)**

क. जहाज से सामान पानी में फेंकना (जेटीसन)

ख. हिट और रन (मार के टक्कर रफ्फूचक्कर)

ग. सू एवं लेबर

घ. सालवेज

च. प्रदूषण

**उत्तर :** ख. हिट और रन (मार के टक्कर रफ्फूचक्कर)

ii. **निम्नलिखित में से कौन सा शब्द अन्य चार विकल्पों के समान नही है (ऑड मैन आउट का पता लगाएं) (सीखने के अनुप्रयोग की जांच)**

क. अस्पताल से बाहर आने के बाद होनेवाला खर्च

ख. पूर्व विद्यमान बीमारियों के इलाज पर हुआ **खर्च**

ग. पुनः स्थापन मूल्य

घ. दाह संस्कार खर्च

च. एम्बुलेंस प्रभार

**उत्तर :** ग. पुनः स्थापन मूल्य

FRESHERS NOW
www.freshersnow.com